तापमान

अधिकतम 29.1 डिग्री

न्यूनतम 11.4 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023



11 खाताधारक घंटों लाइन लगाकर हो रहे परेशान





12 शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर हुई कार्रवाई







## खबर संक्षेप

### 2 कोरोना पॉजिटिव मिलने पर हड़कंप

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के जगदलपुर के घोड़ापैगा में सीआरपीएफ के दो सब इंस्पेक्टर का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव मिला, जिसके बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया। उसके बाद सीआरपीएफ कार्यालय में मौजूद अन्य जवानों का भी टेस्ट कराया जा रहा है। इसके अलावा उन्हें अलग से एक रूम में रखवाने के साथ ही गाइड लाइन का पालन किया जा रहा है। ऐसे अधिकारियों को सर्दी-खांसी की शिकायत थी, जिसके बाद उनकी जांच के लिए टीम को भेजा गया था। डॉक्टरों ने दोनों को होम आइसोलेशन में शिफ्ट किया।



### पेड़ से गिरने से ग्रामीण की हुई मौत

**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरसीकलार खाशपारा निवासी 45 वर्षीय बजनाथ नेताम पिता स्व सोमारू राम नेताम की सल्फी के पेड़ से गिरने से मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार मृतक अपने घर के आगंन में स्तिथ सल्फ़ी के पेड़ में रात को लगभग 10 बजे सल्फी उतारने चढ़ा हुआ था, सल्फी उतारने के दौरान अचानक उसका पैर फिसलने से वह जमीन पर गिर गया, गिरने से उससे अंदरूनी चोट आई। जिसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों की रिपोर्ट पर फ़रसगांव थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर विवेचना कर रही है।

# बस्तर संभाग में हजारों टोकन कटने से धान बेचने की राह ताक रहे कृषक

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य अंतिम चरण में चल रहा है, ऐसे में छग की नई भाजपा सरकार प्रति क्विंटल धान 3100 रुपये में खरीदी करने का वादा किया है साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का भी भरोसा दिया है। सरकार के इस लोक लुभावन वादे से किसानों में धान बेचने की होड़ लग गई है। लैम्प्स सोसायटी में भीड़ से बचने और सुचारू व्यवस्था के लिए जो किसान पहले पहुंच रहे हैं उनको टोकन देकर धान बेचने निर्धारित तिथि तय किया जा रहा है। बस्तर संभाग में 26 दिसम्बर की स्थिति में 378 उपार्जन केंद्रों ने 10 हजार से ज्यादा टोकन जारी किया है। ऐसे में जब तक किसानों की बारी नही आ जाती अपने वर्ष भर के उपज को सुरक्षित रखने की जुगत में लगे है। घर के बाहर आंगन में बने कोठार में कटे फसल को जिन किसानों ने मिंजाई नही की है वे दिन-रात धान की सुरक्षा में पहरेदारी कर रहे हैं। इस कार्य मे परिवार की महिला सदस्य भी पुरुष सदस्यों का साथ दे रही हैं और पाली-पाली में कोठार में रखे धान की सुरक्षा 24 घण्टे कर रहे हैं। फसल कटाई के बाद किसान सूखने के लिए कुछ दिनों तक कोठार में रखते है,ताकि मिंजाई में बीज टूटे नही। जिन किसानों ने मिंजाई कार्य अब तक नही किये है,वे कोठार में धान की सुरक्षा के लिए पहरेदारी कर रहे है। शहर से 28 की दूर बस्तर ब्लॉक के ग्राम मधोता के किसान सावन, भालुगुड़ा की पारो मंडावी, गोविन्द मण्डावी ने बताया धान कटाई विलम्ब से होने से मिंजाई कार्य शुरू नही हुआ है। कोठार में रखे बड़ी मात्रा में धान की सुरक्षा के लिए परिवार के सदस्यो को अलग-अलग समय मे पहरेदारी सुनिश्चित की गई है। कड़कड़ाती रात में भी जानवरों व चोरों से सुरक्षा के लिए कोठार के पास मचाननुमा झोपड़ी बनाकर रातभर पहरेदारी करनी पड़ती है।

लैम्प्स पहुंचने के पहले कोठार में रखे हजारों क्विंटल धान की पहरेदारी में लगे किसान





### घायल की इलाज के दौरान मौत

कांकेर। नरहरपुर थानांतर्गत बरेठिन बाहरा निवासी 26 वर्षीय नरोत्तम शोरी पिता स्व. बन्नुराम का ईलाज के दौरान 27 दिसंबर को दोपहर साढ़े 3 बजें सीएचसी नरहरपुर में मौत हो गया।

## 11 केव्ही 1.92 किमी व एलटी के 2.96 किमी दूर बिछाया विद्युत लाइन

# बिजली रोशन होने से रात में भी पढ़ रहे स्कूली बच्चे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर


बस्तर संभाग के नारायणपुर जिला मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर विद्युत कंपनी ने 4 पारा शिवानी जमपारा, गोहदा, मंटावंड मंडियापारा एवं मंटावंड बस्ती का मजराटोल योजना में विद्युतीकरण किया गया। इस पारा के ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं होने से रात में दिया जलाकर रहते थे पर अब कंपनी की ओर से 34 घर बिजली से रोशन किया। घर में बिजली होने से पढ़ने वाले बच्चे रात में भी आसानी से पढ़ कर रहे हैं। इसके अलावा वे लोग अपने घर में टीवी लाएंगे, जिससे बच्चों के साथ देश दुनिया के सामाचार देख पाएंगे। कंपनी ने चारों पारा को 11 केव्ही विद्युत लाईन 1.92 किमी एवं एलटी विद्युत लाइन के 2.96 किमी लाईन बिछाया और दो ट्रांसफार्मर लगाया, जिसे घर रोशन हो गए।

मजराटोला योजना में 4 पाराओं को किया विद्युतीकरण









### शिकायत पर ध्यान दें

विद्युत कंपनी नारायणपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता हिलोन ध्रुव ने बताया कि क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल स्थल पर पहुंच कर बंद बिजली को बहाल करें। इसके अलावा जिस पारा में बिजली नहीं पहुंचे वहां शीघ्र ही विद्युतिकरण करने का प्रयास किया जा रहा है।

### हर घर को कर रहे रोशन

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि कंपनी की ओर से मजराटोला योजना में विद्युतीकरण कार्य किया जा रहा है। हर घर को बिजली से रोशन करने का विद्युत कंपनी का उद्देश्य है, जिसमें कार्य किया जा रहा है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124




## खबर संक्षेप

### अपूर्वा को एग्रीकल्चर लीडरशिप अवार्ड-2023

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ और बस्तर के लिए यह बेहद गौरव के पल थे, जब इसी 21 दिसंबर को देश की राजधानी दिल्ली के हालीडे इन के सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में, छत्तीसगढ़ कोंडागांव की अपूर्वा त्रिपाठी को भारत सरकार के कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा कृषि क्षेत्र के देश के सर्वोच्च सम्मान एग्रीकल्चर लीडरशिप अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और केरल के पूर्व राज्यपाल न्यायमूर्ति पी. सदाशिवम, ओपी धनकड़, इंडियन चैम्बर ऑफ फुड एंड एग्रीकल्चर के चेयरमैन एमजे खान, ममता जैन और विभिन्न केंद्रीय और राज्य मंत्रियों सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, कृषि विशेषज्ञों तथा बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषकों की सहभागिता रही।

### हत्या मामले के अभियुक्त को आजीवन कारावास

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के दरभा पुलिस थाना क्षेत्र में ग्राम गुमड़पाल नयापारा में 3 वर्ष पूर्व जमीन विवाद पर ग्रामीण को मारपीट कर हत्या किया। मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश डीआर देवांगन ने अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड दिया। इसमें राज्य की ओर से लोकअभियोजक अखिलेश्वर दास ने पैरवी की। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दरभा थाना पखनार पुलिस चौकी क्षेत्र गुमड़पाल नयापारा में 25 जून 2020 की दोपहर लगभग 12 बजे 32 वर्षीय सोमडू वेट्टी एवं 32 वर्षीय तुलाराम वेटटी ने गांव के ग्रामीण सुक्को वेट्टी के साथ जमीन विवाद पर मारपीट किया। उसके बाद उसी दिन रात लगभग 10 बजे सोमडू वेटटी ने विवाद पर मारपीट कर हत्या की और साक्ष्य को विलोपित करने के लिए शव को दफना दिया। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। मामले में न्यायाधीश ने साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर सोमडू को धारा 302, 34 भादंवि के अपराध में आजीवन कारावास, 2000 रुपए अर्थदंड दिया और धारा 201, 34 भादंवि के अपराध में 5 वर्ष सश्रम कारावास, 1000 रुपए अर्थदंड दिया, सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

### थैलेसीमिया से पीड़ित बच्ची को ममता ने किया रक्तदान

**धमतरी।** जिला अस्पताल में भर्ती थैलेसीमिया से पीड़ित बच्ची को कचना की ममता ने अपना ब्लड दिया है। रक्तदान के लिए किया जा रहे शिविर व जागरूकता कार्यक्रम के चलते अब महिलाएं भी रक्तदान करने में आगे आ रही हैं। रक्तदान की महत्ता को समझते हुए नारी शक्तियां भी जरूरतमंदों मरीजों को ब्लड डोनेट करने में किसी से पीछे नहीं हैं। इसे कचना नवागांव की ममता ने थैलेसीमिया से पीड़ित बच्ची को रक्तदान कर साबित किया है। मगरलोड निवासी 13 वर्षीय नेहा निषाद थैलेसीमिया से पीड़ित है। इस बीमारी के चलते बच्ची को प्रत्येक महीना ब्लड लगना रहता है। इसी सिलसिले में नेहा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी बीच ग्राम कचना नवागांव निवासी ममता कुर्रे रोजगार पंजीयन कार्यालय पहुंची थी। वह काफी समय से रक्तदान करने के लिए प्रयासरत थी।

# खेतों में लग रहा है रोपा, अंचल में लहलहाएगी धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रबी सीजन में कृषि विभाग जहां दलहन-तिलहन सहित मिलेट फसलों पर जोर दे रहा है वहीं साधन संपन्न किसान धान फसल का मोह छोड़ नहीं पा रहे हैं। अंचल के विभिन्न गांवों में खेतों की जुताई मताई शुरु हो गई है। कहीं-कहीं पर मजदूर रोपा लगाने खेतों में उतर गए हैं। माना जा रहा है कि ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगभग 25 हजार हेक्टेयर में ली जाएगी।

कृषि विभाग ने रबी फसल में धान का रकबा जीरो रखा है। गत वर्ष सिंचाई के लिए नहर पानी नहीं मिलने के बावजूद 30.960 हजार हेक्टेयर में धान की फसल ली गई थी। इस साल भी नहर सिंचाई पानी दिए जाने की कोई उम्मीद नहीं है। लोहरसी के किसान देवनारायण साहू ने बताया कि लोहरसी, मुजगहन, हटकेशर, खपरी सहित अनेक गांवों में किसान धान फसल लेने की तैयारी में लग गए हैं। कहीं-कहीं खेतों में धान का रोपा लगाना शुरु हो गया है। खेतों में ट्रेक्टर से जुताई मताई कराई जा रही है। हटकेशर के किसान संतोष मीनपाल ने बताया कि पिछले साल गर्मी के दिनों में धान फसल की सिंचाई मोटर पंप के माध्यम से की गई लेकिन खेतों में पानी नहीं ठहरने तथा पानी का लेवल डाउन होने से फसलों को मवेशियों के हवाले करना पड़ा था। इस साल आधे खेतों में धान तथा आधे खेतों में चना की फसल ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में करीब 40 हजार से अधिक मोटर पंप हैं। नहर सिंचाई पानी मिलने पर 50 से 60 हजार हेक्टेयर में ग्रीष्मकालीन धान की फसल ली जाती है। नहर सिंचाई पानी नहीं मिलने पर 25 से 30 हजार हेक्टेयर में रबी फसल लगाई जाती है।

### जीरो लक्ष्य के बावजूद 25 हजार हेक्टेयर में ग्रीष्मकालीन धान लगेगा



#### रागी की पूर्ति 4 प्रतिशत

कृषि विभाग मिलेट फसलों पर जोर दे रहा है। मक्का पिछले साल 420 हेक्टेयर में लिया गया था। इसे 500 हेक्टेयर में लेने का विभाग ने लक्ष्य बनाया है। अभी तक इसकी पूर्ति 105 हेक्टेयर पर हो पाई है। रागी फसल पिछले वर्ष 220 हेक्टेयर में ली गई थी। इस साल 250 हेक्टेयर में रागी लेने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक इसकी पूर्ति मात्र 10 हेक्टेयर पर हो पाई है। गेहूं 1000 हेक्टेयर में लेने का लक्ष्य है जिसमें 624 हेक्टेयर पर लक्ष्य की पूर्ति हो पाई है।

#### तिलहन में सरसों का टारगेट पार

तिलहन फसल में राई-सरसों को किसानों ने रिस्पांस दिया है। विभागीय लक्ष्य 2500 हेक्टेयर के मुकाबले 2741 हेक्टेयर में सरसों की फसल ली जा रही है। अलसी 100 हेक्टेयर में लेने का लक्ष्य है। फिलहाल 58 हेक्टेयर का लक्ष्य पूरा हो पाया है। तिल, सूर्यमुखी, कुसुम के प्रति किसानों का रिस्पांस नहीं मिला। मूंगफल्ली 100 हेक्टेयर में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से 30 हेक्टेयर पर मूंगफल्ली की फसल ली जा रही है।

#### दलहन में तिवड़ा और चना पर जोर

रबी फसल में दलहन पर कृषि विभाग ने जोर दिया है। तिवड़ा को 11 हजार हेक्टेयर में लेने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 9.340 हजार हेक्टेयर में तिवड़ा की फसल ली जा रही है। तिवड़ा लक्ष्य से 15 प्रतिशत पिछड़ गया। चने की फसल 6 हजार हेक्टयर में लेने की योजना बनाई गई थी। अब तक करीब 3 हजार हेक्टेयर में चने की बोनी हो गई है। चने की बोनी अभी भी जारी है। गत वर्ष 5370 हेक्टेयर में चने की फसल ली गई थी। मटर को 800 हेक्टेयर में लेने का टारगेट है। 390 हेक्टेयर में इसकी पूर्ति हुई है। मसूर 300 हेक्टेयर के मुकाबले 182 हेक्टेयर में, मूंग 50 हेक्टेयर के बदले 13 हेक्टयेर, उड़द 100 हेक्टयेर के लक्ष्य पर 98 हेक्टेयर, कुल्थी 100 हेक्टेयर के टारगेट पर मात्र 4 हेक्टेयर में लगाई गई है।

### बस स्टैंड के पीछे कल-कारखानों व शराब दुकान से परेशानी

# प्रदूषण से मरीज व डॉक्टर्स बेहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बस स्टैंड के आसपास चार बड़े अस्पताल हैं, जहां के मरीज और डॉक्टर ऑयल मिल और राइस मिल के प्रदूषण से बेहाल हैं। बस स्टैंड के पीछे शराब दुकान से अस्पताल के आसपास का माहौल भी खराब हो गया है। अब इन समस्याओं के खिलाफ डॉक्टर्स शिकायत करने की तैयारी में है। शहर और शहर के आसपास उद्योग-कारखानों के चलते प्रदूषण की मात्रा बढ़ी हुई है। नियम टाइट होने पर अधिकांश राइस मिलों में इनफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट तो लगाया है, लेकिन ज्यादातर मिलों में ये मशीनें काम नहीं कर रही हैं, जिसके चलते प्रदूषण रूकने का नाम नहीं ले रहा है। औद्योगिक वार्ड में बस स्टैंड के आसपास तो स्थिति काफी खराब है। बस स्टैंड के पीछे एक ऑयल मिल और दर्जनभर से ज्यादा राइस मिल हैं। जिसके प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ा हुआ है। यहां पर उपाध्याय नर्सिंग होम, वैष्णव हास्पिटल, डॉ विकास गुप्ता का अस्पताल है। ये तीनों हास्पिटल शहर के बड़े हास्पिटलों में गिने जाते हैं, जहां पर रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों का आना-जाना लगा रहता है। मरीज पहले से ही बीमारी से परेशान रहते हैं। उपर से इन मिलों से निकलने वाला प्रदूषण इन्हें बेहाल कर देता है। मरीजों की सुविधा के लिए अस्पतालों को हवादार बनाया गया है लेकिन यहां की हवा ही प्रदूषित होने के कारण अधिकांश समय अस्पतालों की खिड़कियों को बंद रखा जाता है। इन तीनों अस्पतालों के अतिरिक्त बस स्टैंड के सामने धमतरी का सबसे बड़ा मसीही अस्पताल हैं। प्रदूषण का असर यहां आने वाले मरीजों को झेलना पड़ता है।

#### अनुपयोगी है ईटीपी मशीन

प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा सभी कारखानों में इनफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट(ईटीपी) लगाने का निर्देश दिया गया है। जिले की अधिकांश मिलों में यह प्लांट लगा भी है, लेकिन ठीक से काम नहीं कर रहा है। मिलों में ईटीपी मशीन के साथ डस्ट कलक्टर भी लगाना जरूरी है। जिससे चिमनियों से निकलने वाला धुएं में राखड़ के कण न हो, लेकिन मिलों में डस्ट कलक्टर नहीं लगाया है, जिसके चलते मिलों के आसपास के क्षेत्र में दिन-रात काले राखड़ उड़ते रहते हैं।

#### शराबियों से परेशानी

बस स्टैंड के पीछे स्थित तीनों बड़े अस्पतालों के मुख्य मार्ग के पास एक शराब दुकान भी है। यह शराब दुकान अलग-थलग जगह में होने के कारण यहां शराबप्रेमियों की भीड़ उमड़ती है। शाम ढलते ही यहां माहौल खराब हो जाता है, जिसके चलते मरीज व परिजन परेशान रहते हैं।

#### शहर के आसपास भी लोग हलाकान

अर्जुनी के भूपेंद्र सारथी, डामन सिन्हा आदि ने बताया कि गांव में काले राखड़ से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। हर घर की छत पर काले राखड़ की परत जमी हुई है। छत पर बड़ी, पापड़ तो दूर की बात है, कपड़े सूखना भी मुश्किल हो गया है। किचन में खाने-पीने की सामग्री में राखड़ जम जाता है। इसके अतिरिक्त हरफतराई, औद्योगिक वार्ड, शांति कालोनी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अधारी नवागांव, हटकेशर, सरदार वल्लभाई पटेल, सुंदरगंज वार्ड सहित शहर के 20 वार्डों में प्रदूषण काफी अधिक है।

## अनुशासनहीनता : 3 शिक्षक निलंबित, 5 का वेतन रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



अनुशासनहीनता के चलते तीन शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं पांच शिक्षकों का वेतन भी रोका गया है। यह कार्रवाई निरीक्षण के बाद अनुशासनहीनता पाए जाने पर की गई है।

पिछले साल आए निराशाजनक रिजल्ट देखते हुए अधिकारियों ने शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने की कोशिश शुरू कर दी है। इसी के तहत लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। विगत दिनों जिला शिक्षाधिकारी ब्रजेश बाजपेयी, खंड शिक्षाधिकारी अमित तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई स्कूलों में लापरवाही पाई गई। इस गड़बड़ी पर एक्शन लेते हुए लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आमदी प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी सरिता देवी, मोंगरागहन प्राथमिक शाला के उमाशंकर गंगासागर, तेंदूकोन्हा प्राथमिक शाला के ओमप्रकाश साहू और मिथिलेश ध्रुव, झिरिया माध्यमिक शाला के शंकरलाल ध्रुव के खिलाफ वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

#### नशे में पहुंचा शिक्षक, निलंबित

निरीक्षण के दौरान धमतरी शहर के प्राथमिक शाला क्रमांक-3 में सहायक शिक्षक एलबी कुलेश्वर ध्रुव नशे की हालत मिले थे। निर्वाचन ट्रेनिंग के दौरान भी वे नशे में पाए गए थे। इसी प्रकार प्राथमिक शाला माटेगहन के शिक्षक लोकेश्वर ध्रुव बिना सूचना के लंबी अवधि से गायब हैं। प्राथमिक शाला सिवनीखुर्द के विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप है। इन शिक्षकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर इन शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि में इन शिक्षकों का मुख्यालय विकासखंड शिक्षाधिकारी कार्यालय धमतरी रहेगा।

## नवनिर्वाचित विधायक नीलकंठ टेकाम का विश्रामपुरी में हुआ प्रथम आगमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल/ विश्रामपुरी

केशकाल विधानसभा से विधायक निर्वाचित होने के बाद से नीलकंठ टेकाम लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग विकासखंडों का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को नीलकंठ टेकाम का विधायक बनने के बाद विश्रामपुरी में प्रथम आगमन हुआ। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं, अधिकारी- कर्मचारियों एवं आम जनता ने विधायक का जमकर आतिशबाजी करते हुए मांदरी नृत्य, राउत नाचा के साथ आत्मीय स्वागत किया। साथ ही विधायक ने साप्ताहिक बाजार का भ्रमण कर जनता से मुखातिब भी हुए। पूर्व जनपद अध्यक्ष समेत 50 लोगो ने विधायक के समझ भाजपा में किया प्रवेश। इस दौरान मुख्य रूप से सेवकराम नेताम, आकाश मेहता, किशन पांडे, परदेसी नाग, रविन्द्र पांडे, अंजोरी नेताम, जीवन मानिकपुरी, दुखा मरकाम, अनिता नेताम, केशव ठाकुर, सोनसाय मरकाम, मानाराम मरकाम, ताराचंद सेठिया, विवेक चांदेकर, गौरव शार्दूल, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वामी आत्मानन्द स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण एवं खेलकूद प्रतियोगिता



**केशकाल।** बांसकोट स्थित स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों का परीक्षण किया गया, साथ ही विभाग के कर्मचारियों एवं संस्था के प्राचार्य अमर सिंह नेताम द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां दी गयी। ततपश्चात सभी शिक्षकों के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को उपहार वितरण किया गया। जिसमें संस्था के शिक्षक तोषन साहू, पारस कराड़े, एकता पाण्डे, साहिना जबी,किरण कुशवाहा, भाग्यश्री विश्वास, नेहा शर्मा, तुलेश देहरी, रिमी शुक्ला एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## इनामी सहित 2 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



आईजी सुन्दरराज पी, उप पुलिस महानिरीक्षक दन्तेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ विकास कठेरिया, पुलिस अधीक्षक गौरव राय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छग शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार एवं लोन वर्राटू घर वापस आईये अभियान से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर मलांगेर एरिया कमेटी एवं गंगालूर एरिया कमेटी के प्रतिबंधित नक्सली संगठन में बुरगुम पंचायत मिलिशिया कमाण्डर शंकर उर्फ पोज्जा वंजाम पिता स्व. जोगा उर्फ भीमा वंजाम उम्र लगभग 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी बुरगुम डुक्कापारा थाना अरनपुर जिला दन्तेवाड़ा एवं गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत डुमरीपालनार पंचायत मेडिकल टीम सदस्य, दशरु कुंजाम पिता बुधू उर्फ वड्डे कुंजाम उम्र लगभग 26 वर्ष जाति मुरिया निवासी डुमरीपालनार पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर ने 28 दिसम्बर को पुलिस अधिकारियों समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी दन्तेवाड़ा, 230वी वाहिनी सीआरपीएफ एवं सीएएफ पोटाली का योगदान रहा।

### ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कोर्रबड़गाव और शंकरपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फ़रसगांव





विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कोंडागांव जिले से सभी ग्रामों में आयोजित ग्रामीणों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में बारे में बताया जा रहा है। इसी कड़ी में 28 दिसम्बर गुरुवार को विकसित संकल्प यात्रा रथ फ़रसगांव ब्लाक के ग्राम कोर्राबडगांव और शंकरपुर पहुंची। जहां ग्रामीणों ने रथ का उत्साह पूर्वक स्वागत किया। इस आयोजन में ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। जिसके बाद पात्रताअनुसार आवश्यक योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों ने आवेदन किया। कुछ ग्रामीणों के आवेदनों को तत्काल निराकरण किया गया तो कुछ ग्रामीणों में आवेदनो के निराकरण के लिए समय दिया गया है। वहीं स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई।

**किसानों को बताया गया ड्रोन कृषि का तरीकाः** कृषि विभाग द्वारा इन दोनों गांव में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव खेतों में करने का प्रदर्शन किया गया और बताया गया कि ड्रोन से बेहतर दक्षता के साथ भूमि के बड़े क्षेत्रों को जल्दी और कुशलता से नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। इसका सार्थक लाभ यह होता है कि किसानों कम लागत लगेगी और खेतों मर फसल की पैदावार बेहतर होगी। इस दौरान फ़रसगांव एसडीएम अनिकेत साहू, जनपद अध्यक्ष शीशकुमारी चनाप, उपाध्यक्ष शुकलाल मरकाम, नोडल अधिकारी वीरेंद्र साहू, चेतन चौहान, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण व रुक्मिणी विवाहोत्सव मनाया रास पंचाध्यायी पर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नगर के टाउन क्लब मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रीकृष्ण और रुक्मणी का विवाह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विवाह उत्सव के दौरान कई भजनों की प्रस्तुति दी गई इस मौके पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। कथावाचक ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। श्री राधारमण समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास अंकुश महाराज ने रुक्मणी का विवाह प्रसंग का बखान करते हुए बताया कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब भाव विभोर किया। भागवत कथा में रूकमणी विवाह के आयोजन में श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुकमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसा की गई। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना और रुकमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया।

## खबर संक्षेप

### अटल चौंक से मॉडल हाट बाजार तक हुई सफाई



**गीदम।** सफाई सप्ताह अंतर्गत नगर पंचायत बारसूर के कर्मचारियों का दल मुख्य मार्ग अटल चौंक से मॉडल हाट बाजार तक पंहुचा। दल की अगुआई पार्षद वार्ड 3 श्रीमती दिनेश्वरी मांझी द्वारा किया गया। जिसमे निकाय के सफाई दरोगा श्रवण कुमार नाग व अन्य सफाई कर्मचारी उपस्थित थे। इस प्रकार की अभिनव पहल से नगर वासी काफी प्रसन्न नजर आ रहे है।

### सुशासन स्थापित किए जाने का लिया संकल्प



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर में भारत रत्न भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जयंती पर नाई तालाब बस्तर में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर सुशासन स्थापित किए जाने का संकल्प लिया। नाई तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदबो राम नाग, मण्डल, वीरेंद्र राजुपूत, अरुण परिहार, डोमाय मौर्य, सालीना सेमसन, एवं एसडीएम ओम प्रकाश वर्मा, सीएमओ पीटीएम कृष्णा राव, एबीईओ सुशील तिवारी, चंद्रभान मिश्रा, उप अभीयंता रोहित नाग सहित व्याख्याता गण एवं कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### हल्बागढ़ बारसूर में धूमधाम से मनाया गया शक्ति दिवस



**गीदम।** जिले के हल्बा गढ़ बारसूर में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज के द्वारा शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पाली ग्राम एरपुंड, कौशलनार एवम गीदम के हल्बा समाज के सभी लोग शामिल हुए। शक्ति दिवस समारोह के अवसर पर समारोह स्थल से दंतेश्वरी मावली माता मंदिर तक कलश यात्रा निकालकर गांव के मावली माता के प्रागंण में दीप प्रज्वलित किया गया और सभा भवन में बस्तर और हल्बा जनजाति की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी और परलकोट विद्रोह के जननायक शहीद गैद सिंह की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ ध्वजा रोहण कर विभिन्न संस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों, वॉलीबाल, कबड्डी, दौड़ आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही बारसूर गढ़ अध्यक्ष रामनाथ पुजारी और गढ़ सचिव हरीराम प्रधान के द्वारा विशेषकर फर्जी जाति प्रमाण - पत्र को रोकने को लेकर युवा वर्ग को जागरूक होने और हल्बा जनजाति की संस्कृति, रीति रिवाजों, परम्पराओं को बचाये रखने पर विशेष जोर दिया गया। गौरतलब है कि राज्य के बस्तर संभाग में निवासरत करने वाले आदिवासी जनजातियों में प्रमुख जनजाति हल्बा जाति के द्वारा प्रति वर्ष 26 दिसम्बर को अपने शौर्य बलिदान के सम्मान के रूप में शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है।

## निधन

### ब्रह्मदेव झा

**जगदलपुर।** पुराना गीदम नाका, राजेंद्र नगर निवासी ब्रह्मदेव झा का 86 वर्ष की उम्र में बुधवार को निधन हो गया है। वे सुधीर झा, संपत झा एवं संतोष झा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार दोपहर मुक्तिधाम में समाज जनों एवं नगरवासियों की उपस्थिति में हुआ। वे अपने पीछे पत्नी समेत नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गए।



बैंक में कर्मचारी की कमी, ग्राहकों को हो रही परेशानी

# खाताधारक घंटों लाइन लगाकर हो रहे परेशान






हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाडा

दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जो की दंतेवाड़ा की बड़ी ब्रांच है, जहां पर हजारों की संख्या में खाते हैं, लेकिन कर्मचारियों की कमी के वजह से एक काम के लिए घंटो लाइन में लगना पड़ता है, जहा देखा जाए तो सभी बैंकों में 8 से 10 कर्मचारी कार्यरत होते हैं, वहीं दंतेवाड़ा में स्थित मेन ब्रांच में कुल 5 कर्मचारी है जिसमें एक ब्रांच मैनेजर एक असिस्टेंट मैनेजर और एक कैशियर एक गार्ड और एक प्यून है। जब इस परेशानी को लेकर बैंक मैनेजर से पूछने पर बात चीत में बताया की छुट्टी के दिन भी काम करते हैं और देर रात तक काम करने के बाद भी काम खतम नहीं होता। लोगों का कहना है की सुबह कोई काम के लिए आते हैं तो दोपहर हो जाता है क्योंकि लाइन बहुत लम्बी होती है। हमारा नंबर आते आते समय लग जाता है जिसके वजह से हमारा कभी काम नहीं हो पाता है। ऐसे में कर्मचारियों के न होने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

■ बैंक में सिर्फ 5 कर्मचारी पदस्थ

#### एटीएम आज भी कई ग्राम पंचायतों में बंद

आपको बता दें कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैंक के सर्विस से दंतेवाड़ा जिले के लोग काफी परेशान हैं और बैंक के कर्मचारी स्टाफ की कमी से परेशान हैं। यह बैंक द्वारा दंतेवाड़ा जिले के कई ग्राम पंचायतों में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम लगाया गया था। लेकिन वह एटीएम किसी भी पंचायत में चल नहीं पाया, ग्रामीण एटीएम का लाभ ही नहीं ले सके और यह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का एटीएम आज भी कई ग्राम पंचायतों में बंद पड़ा है।

## गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोरलापाल व रोंजे पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं से सभी हितग्राहियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन गीदम ब्लॉक के ग्राम कोरलापाल और रोंजे में किया गया। शिविर स्थल में भारत सरकार संयुक्त सचिव श्रीमती यतिंदर प्रसाद की उपस्थिति में हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें लाभान्वित भी किया गया। शिविर में राजस्व खाद्य, कृषि स्वास्थ्य, पशुधन विकास महिला बाल विकास विभागों तथा सहकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं के सम्बध में विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही उन्हे लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। संकल्प यात्रा स्थल में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति दी गयी। साथ ही ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने के लिए शपथ भी लिया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू, एसडीएम अभिषेक तिवारी, जनपद पंचायत गीदम सीईओ क्रांति ध्रुव किसान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



#### विधायक हुए शामिल

ग्राम पंचायत रोंजे में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष अंति वेक, सरपंच ग्राम पंचायत रोजे दुर्गा तामो शामिल हुई। विधायक चैतराम अटामी ने कहा की भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना, जन धन योजना, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना जैसी शासन की महत्वपूर्ण योजनाए लोगों तक पहुंच रही है। जिनसे लोगो को लाभ मिल रहा है और लोग अपने अनुभव साझा कर रहे हैं।

## कस्तूरी की टीम ने किया ट्राफी पर कब्जा



**बकावंड।** विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल ने बकावंड विकासखंड अंतर्गत बोरीगांव में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण किया और दशापाल मैथोडिस्ट चर्च पहुंचकर मसीही समाज के लोगों को प्रभु यीशु के जन्मदिन क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। विधायक लखेश्वर बघेल ने चर्च में केक काटकर क्रिसमस सेलिब्रेट किया। बोरीगांव में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें कस्तूरी की टीम ने ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। राजीव युवा मितान क्लब के तत्वावधान में में आयोजित क्रिकेट मैच के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखेश्वर बघेल थे। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला कुम्हारावंड और कस्तूरी के मध्य खेला गया। मैच काफी रोमांचक रहा कुम्हारावंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 88 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कस्तूरी के बल्लेबाजों ने भी अपने खेल का लोहा मनवाते हुए 12 ओवर में 5 रन से जीत हासिल कर ली। इस दौरान पार्षद उदयनाथ जेम्स, वीरेंद्र सेठिया, रघुनाथ कश्यप, विजय चंद्राकर, नित्या चंद्राकर, मजहर खान, जितेंद्र तिवारी, श्रवण, विमल बिसाई, राजेश चंद्राकर, तुलसी राम, राजेश कुमार, लैखन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्तर के अबेकस प्रतियोगिता के लिए जिले के 8 विद्यार्थियों का चयन



**बीजापुर।** राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता का आयोजन बस्तर हाईस्कूल जगदलपुर में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया गया था। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ से कुल 7233 बच्चों ने क्वालीफ़ाई राउंड की परीक्षा दी थी, जिससे 427 बच्चों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इन 427 प्रतिभागियों ने अपनी उच्चतम क्षमता और ज्ञान का प्रदर्शन करके हुए इस अद्वितीय मुकाबले में उत्कृष्टता प्राप्त की। जिन्होंने अलग-अलग स्तरों के लिए 100 प्रश्नों को 15 मिनट की समय सीमा में हल करने का प्रयास किया। इस प्रतियोगिता में मुख्यतः बीजापुर जिले के छात्रों ने राष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता 2024 के लिए अपनी स्थान पक्की कर ली है। जिसमें अंका कड़ती पोटाकेबिन, बासागुड़ा, रोशन वेंजाम पोटाकेबिन, माटवाड़ा, कीर्ति पसपुल बीजापुर सम्मी धुर्वा कन्या पोटाकेबिन, तिम्मापुर, सैचुराम कोसम पोटाकेबिन, माटवाड़ा, राजेश सेमला पोटाकेबिन, बासागुड़ा, आंचल पुनेम नैमेड, ज्योति पसपुल नैमेड सभी विजेता खिलाड़ियों को कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा एवं जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए निरंतर प्रगति करने के प्रेरित किया।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम बिन्ता के निवासी उपेन्द्र की मृत्यु सांप काटने से पिता भारत को, ग्राम मटनार के निवासी नानीराम की मृत्यु पानी में डूबने से पिता सोमारू को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

## आस्था विद्या मंदिर जावंगा में विभिन्न प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



भारत सरकार के निर्देशानुसार व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से जिला शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा तत्वावधान में वीर बाल दिवस गीदम विकासखंड के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी एवं विशिष्ठ अतिथि गीदम जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक, जनपद पंचायत सदस्य राजेश कश्यप, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बोमडा राम कोवासी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, राकेश कुशवाहा, रेलवे बोर्ड सदस्य दीपक बाजपेई, समाजसेवी डॉ बुधरी ताती, जसवीर नेगी, पार्षद श्रीकांत राव उपस्थित रहे। आस्था विद्या मंदिर के प्राचार्य गोपाल पांडे, उपप्राचार्य प्रमोद गुप्ता एवम रवींद्रनाथ पाणिग्रही ने अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस आयोजन में वीर बालक बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को याद कर उनकी गाथा का वर्णन किया एवं श्रद्धांजली अर्पित की गई। वीर बालकों का स्मृति में आस्था विद्या मंदिर के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। वीरता एवं बलिदान का परिचय देते हुए विद्यार्थियों के बीच विभिन्न गतिविधियों जैसे भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताऐं आयोजित किया गया। मंच संचालन रवि प्रकाश ठाकुर एवं प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन अमुजुरी विश्वनाथ ने किया। प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विधायक चैतराम अटामी ने कहा की सिख धर्म के दसवें गुरु गुरुगोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि गुरु गोविंद सिंह के छोटे साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत को याद करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा।

3 स्वर्ण, 2 सिल्वर एवं 4 कांस्य सहित 9 पदक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया

## दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के दिव्यांग बच्चों ने पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दिखाया अपना दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



14 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 24 दिसंबर तक रायपुर में आयोजित हुआ जिसमें दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (समर्थ) बीजापुर के दिव्यांग बच्चों ने अपना बेहतर प्रदर्शन कर कुल 9 पदक अपने नाम किए जिसमें 3 स्वर्ण पदक, 2 रजत एवं 4 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के विद्यार्थी ईश्वर पोड़ियाम ने 1 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक प्राप्त किया। इसी तरह मनीराम हपका ने 1 स्वर्ण, 1 कांस्य, संतोष तेलम ने 2 रजत, दीपक कुमार ने 2 कांस्य, सीमोन ने 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस तरह कुल 9 पदक हासिल किए वहीं मिथुन और मोहन को प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राज्य भर के कुल 213 दिव्यांग विद्यार्थी ने भाग लिए थे। जिसमें विविध खेल 100 मीटर दौड़, तवां फेक, गोला एवं भाला फेक इत्यादि को शामिल किया गया था। बच्चों को खेल में शामिल कराने उनके सकुशल आने-जाने एवं देखरेख हेतु कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा उप संचालक समाज कल्याण कमलेश कुमार पटेल, सुरेश सोनी, बी. बसमैया (केयर टेकर) संदीप कुमार गुप्ता (कोच) को जिम्मेदारी दी गई थी।

जीत की हार्दिक बधाई देते हुए कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने बीर बाल दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों को सम्मानित कर हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और दिव्यांग पुनर्वास के कोच सहित बच्चों के देखरेख करने वाले सभी कर्मचारियों-शिक्षकों को शुभकामनाएं दी एवं विजेता खिलाड़ियों के साथ गुरप फोटोग्राफी कराया।

## मधोता में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत संकल्प शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वेन बस्तर विकासखंड के मधोता 1 ओर 2 में पहुंची और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अथिति जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप जनपद उपाध्यक्ष मोहन मौर्य कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक,भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा शपथ लिया गया। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने सुना।

इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमन्त्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की गई। इस दौरान बीईओ अरुण देवांगन, बीआरसी राजेंद्र ठाकुर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## धान बोनस मिलने पर जिले के कृषक हुए गद-गद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

धान का बोनस की राशि मिलने पर जिले के कृषकों के चेहरों पर रौनक आ गयी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को दो साल के धान खरीदी का बोनस कृषक भाईयों के खातों में अतंरण किया था। विगत दिवस देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में सुशासन दिवस मनाया गया था। इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा खरीफ विणपन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के धान का बकाया बोनस राशि उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई थी। इस क्रम में धान बोनस के हितग्राहियों मे से एक गीदम निवासी कृषक पूरनचंद सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने जो निर्णय लिया है और पिछले दो साल का बोनस जो दिया है। कृषक के हित में है, और सरकार से ऐसी आशा करते है कि कृषकों के हित में ऐसा निर्णय होता रहने चाहिए। मैं सभी कृषक भाईयों की और से सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करता हू। उन्होंने आगे बताया कि सरकार के द्वारा उनके खाते में 2014-15, 2015-16 दो साल के बकाया बोनस की राशि 64 हजार 480 रुपए मिले हैं। और इस बोनस के पैसे से उन्होंने अपनी कृषि कार्य एवं भूमि मरम्मत में लगाने की बात कही।

## हसदेव अरण्य जंगल कटाई रोकने के लिए तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

हसदेव अरण्य को बचाने को लेकर आदिवासी युवा छात्र संगठन के द्वारा बस्तर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। आदिवासी युवा छात्र के ब्लॉक सचिव ओमेश्वर कश्यप ने बताया कि पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की संकट से जूझ रहा है। हमारा देश भारत सहित पूरा विश्व वृक्षों और वनों के संरक्षण को लेकर चिंतित हैं। सभी पर्यावरण प्रेमी एवं आदिवासी युवा छात्र संगठन एक-एक वृक्ष को बचाने और उसके संरक्षण के लिए चिंतित रहते हैं ऐसी परिस्थितियों में सूरजपुर-सरगुजा जिलान्तर्गत परसा कोलब्लाक आवंटन के नाम पर लाखों बड़े वृक्षों को काटा जाना कहां तक न्यायोचित है। क्या लाखों की संख्या में विशाल वृक्षों की कटाई सही है, क्या इस जंगल की कटाई का दुष्प्रभाव प्रदेश नहीं झेलेगा? हसदेव जंगल को काटे बिना दूसरे विकल्प पर विचार किया जाना चाहिए। हसदेव के जंगलों में कोयला खदानों के लिए जंगलों को काटने से भविष्य में लोगो के लिए गंभीर जल संकट आ जाएगा। हसदेव के जंगल कटने से बांगो डैम में सिल्ट जल्दी भरने से उसका जीवन आधा हो जाएगा जिससे जांजगीर चांपा क्षेत्र में सिंचाई नहीं हो पाएगी। बांगो डैम में जल्दी सिल्ट भरने से उससे मिलने वाली 120 मेगावाट बिजली नहीं बनेगी। हसदेव के जंगलों में खदानों के लिए फर्जी ग्रामसभा के आरोपों की जांच होनी चाहिए। पर्यावरण और वन्य पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए हसदेव के जंगलों को सुरक्षित रहना चाहिए। कर्क रेखा जिनसे गुजरती है छत्तीसगढ़ के मध्य क्षेत्र में वर्षा के लिए आवश्यक ऐसे हसदेव के घने जंगलों का संरक्षण जरूरी है। ज्ञापन सौपने वालों में ओमेश्वर कश्यप सचिव, नमिता बघेल ब्लॉक अध्यक्ष, रामप्रसाद मौर्य सहसचिव, शंकर मौर्य, अंकित कश्यप, विष्णु नाग उपस्थित थे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन
पर्सनल लोन
होम लोन
कार लोन
मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## नमन अभियान को सफल बनाने नागरिकों और सामाजिक संगठनों से मांगा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर की लगातार सफाई के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने वाली स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों के नववर्ष पर सम्मान के लिए नगर निगम की पहल नमन अभियान को सफल बनाने के लिए आम नागरिकों और विभिन्न सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों से सहयोग मांगा गया।

नगर निगम के आयुक्त हरेश मंडावी की अध्यक्षता में गुरूवार को विभिन्न सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ शहर की स्वच्छता में योगदान के संबंध में सफाई कर्मियों के योगदान का आभार व्यक्त करने के लिए नमन अभियान के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान नगर निगम द्वारा आम नागरिकों के माध्यम सफाई दीदियों तथा सफाई मित्रों के सम्मान के लिए की गई पहल की सराहना करते हुए सभी संगठनों के माध्यम से सहयोग की बात कही गई। इस दौरान बस्तर चैम्बर ऑफ कॉमर्स, रोटरी क्लब, संजय बाजार व्यापारी संघ, मेन रोड व्यापारी संघ, आंध्र समाज, मुस्लिम समाज सहित विभिन्न सामाजिक व व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्वच्छता एंबेसडर उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग ने की तैयारी, स्टेशन प्रबंधक से मांगा सहयोग

# रेलवे स्टेशन में शुरू होगी कोरोना जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कोरोना के नए वेरियंट के खतरे को मद्देनजर अब दूसरे प्रांत से जगदलपुर आने वाले यात्रियों पर नजर रखने कोरोना जांच अनिवार्य करने जिला बस्तर प्रशासन एलर्ट हो गया है। बाहर प्रांत से यात्रा कर शहर पहुंचने वाले यात्रियों पर निगरानी प्रारम्भ किया जाएगा। कोविड के नए वेरियंट फैलने के बीच अब रेलवे स्टेशन में भी कोविड जांच शुरू होगा। गुरुवार को स्वास्थ विभाग ने रेलवे स्टेशन प्रबंधक के नाम एक पत्र भेज जांच के लिए सहयोग मांगा है। हालांकि पत्र में यह उल्लेख नही किया गया है कि कब से जांच किया जाएगा। दो दिन पहले बुधवार को सुरक्षा बल के दो जवान का कोरोना पॉजीटिव पाए जाने के बाद उम्मीद है शुक्रवार से रेलवे स्टेशन में कोरोना जांच की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। अर्ध सैनिक बल के जिस जवान को कोरोना सिम्टम्स पाया गया उसके ट्रेवेल्स हिस्ट्री में आंध्रप्रदेश से आने की पुष्टि हुई है। जगदलपुर से तीन यात्री ट्रेन आंध्रप्रदेश होकर यहां पहुंचता है। जिनमें किरन्दुल से विशाखापटनम स्पेशल पैसेंजर, किरन्दुल-विशाखापटनम नाईट एक्सप्रेस और हीराखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन सम्मलित है। क्रिसमस छुट्टी के चलते बड़ी संख्या में पर्यटक ट्रेन के जरिये जगदलपुर पहुंच रहे है। खासकर पश्चिम बंगाल,आंध्रप्रदेश और ओडिशा के सैकड़ो पर्यटक पहुंच रहे है। स्थानीय रेलवे स्टेशन में कोरोना के नए वेरियंट के बीच अब तक रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में कोविड जांच प्रारम्भ नही हुआ है। बड़ी संख्या में बाहर से पर्यटक मसलन पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल से ट्रेन यात्रा कर जगदलपुर पहुंच रहे हैं पर्यटक शहर के विभिन्न होटलों में ठहरते है। इस दौरान बस्तर के विभिन्न पर्यटन स्थल चित्रकोट, तीरथगढ़, कोटमसर, दंतेवाड़ा, बारसूर, किरन्दुल समेत अन्य पर्यटन स्थल पहुंच रहे है। लेकिन इन पर्यटकों के कोरोना जांच नही किया जा रहा है।

## निजी कंपनियों की संचार सेवा बदहाल, लोग परेशान : सुब्रतो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर में अधिकांश मोबाईल कम्पनिया जनता को लूट रही है पर सेवा के नाम पर सब जीरो है। नाम बड़े दर्शन छोटे की कहावत को इन दिनों निजी संचार कंपनियां चरितार्थ कर रहे है। जहां जिओ नेटवर्क की समस्या है नेट बैठा हुआ है। लोग परेशान है, उनकी व्यवस्था के प्रति दूरसंचार विभाग भी सोया हुआ है। एक ओर टैरिफ लगातार बढ रही है, दूसरी ओर नेट महंगा होता जा रहा है। तीन माह की बात होती है पर 80 दिन का बैलेन्स मिलता है। यह व्यथा आड़ावाल के जागरूक उपभोक्ता और भाजपा नगरनार मंडल के अध्यक्ष सुबर्तो विश्वास ने मीडिया को जारी बयान में विभिन्न निजी संचार कंपनियों पर आरोप लगाया है।

विश्वास ने जारी प्रेस नोट में उल्लेख करते कहा लोगो को जब लगा कि बीएसएनएल की नेटवर्क स्लो और विस्तार नही है, तब उपभोक्ताओं ने निजी संचार कंपनी को अपनाया। ये कम्पनिया लगातार सिम बेच रही है, पर मोबाईल टावर नही बढ़ा रही है। सुब्रोतो के मुताबिक निजी संचार कंपनियों की मोबाइल सेवा ग्रामीण क्षेत्रो में काम नही करता। घर के भीतर नही लगता बाहर निकलो, ऊंचे स्थान पर जाओ, आखिर कब तक बस्तर की जनता बेवकुफ बनती रहेगी।

## छिंदावाड़ा व धर्माबेड़ा में विधायक गोयल का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



दरभा ब्लॉक के छिंदावाड़ा में नवनिर्वाचित विधायक विनायक गोयल का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। गोयल ने मातागुड़ी में जाकर सभी छेत्रवासियों की सुख समृद्धि की लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दरभा जनपद उपाध्यक्ष अनंत कश्यप, महेश बघेल, धनी राम, तिलक राम ध्रुव, दयाराम ध्रुव, देवेश ध्रुव, बुधराम कश्यप, शंकर कश्यप, सुदु राम, सुनील कुमार ध्रुव एवं जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक से मिलने घाटी नीचे के कार्यकर्ताओं में अलग ही खुशी नजर आई। लोहंडीगुड़ा मंडल के धर्माबेड़ा, चंदेला, ककनार, पालेम, अम्लीधार में जनसंपर्क कार्यक्रम हुआ जिसमे विधायक विनायक के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों की समस्या का निवारण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लोहंडीगुड़ा नरसिंह ठाकुर, तुलाराम कश्यप, बसंत कश्यप, लच्छिन यादव, नरेश खापरडे, बाबुल नाग, विकास रंगारी, मंगतू कश्यप, धनीराम सेठिया, सीताराम नाग, रोजकी कश्यप सरपंच, सुखदेव कश्यप, तुलाराम नाग, सम्पत सिंह यादव, सरदास यादव, दुर्जन यादव, गणपत यादव, सुखमन कश्यप,पटेल, पुजारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

■ गोयल ने मातागुड़ी में जाकर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की लिए मांगा आशीर्वाद



## शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नये साल का आगमन नजदीक है इस अवसर पर लोग देर रात पार्टी करते है तथा सड़को पर यातायात का दबाव बना रहता है ऐसे में दुर्घटना से रोकथाम के लिए एसएसपी जितेन्द्र मीणा के मार्गदर्शन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग स्वयं देर रात सड़कों पर मोर्चा संभाले हुए हैं। बीती रात शहर के 3 अलग-अलग पाइंट पर मोटर व्हीकल चेक किया गया जिसमे आने-जाने वाले सभी यात्रियों से एल्कोमीटर द्वारा चेक करवाया गया। एसबीआई चौक, एनएमडीसी तथा आड़ावाल चौक में चेकिंग लगाकर शराब पीकर वहां चलाने वालों की गाड़ियां जब्त की गई। कार्यवाही में डीएसपी संतोष जैन, लीलाधर राठौर, एसआई ताण्डेकर और स्टाफ मौजूद रहें। 100 से अधिक ट्रक, चारपहिया व दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## तीन दिवसीय होगा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वार्षिकोत्सव के समापन के बाद शक्तिपीठ परिसर में पत्रवार्ता आयोजित की गई। इसमें ट्रस्ट सदस्यों ने जानकारी दी कि शक्तिपीठ के नवनिर्मित भवन की साज सज्जा का कार्य जारी है। तीन, चार एवं पांच फरवरी को मां गायत्री सहित अन्य देव प्रतिमाओं को स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके लिए शांतिकुंज हरिद्वार से चिन्मय पंड्या यहां आएंगे। उनकी देखरेख व सानिध्य में यह महाआयोजन होगा। इस मौके पर बस्तर संभाग सहित सीमावर्ती ओडिशा से पांच हजार श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। शक्तिपीठ निर्माण के बाद बाल स्स्कार शाला, विविध अभियान, पुस्तकालय का संचालन सतत जारी रहेगा। पत्रवार्ता के दौरान मुख्य ट्रस्टी जयश्री श्रीवास्तव, सुप्रिया श्रीवास्तव, शारदा पटेल, रेणु शर्मा, निशा डडसेना, आनंदराम साहू, निलेश ठाकुर, आईएम शर्मा, श्री माथुर, अजय त्रिवेदी सहित अन्य परिजन मौजूद थे।

■ नवनिर्मित भवन की साज सज्जा का कार्य जारी

### सामूहिक मंत्र जाप हुआ

धरमपुरा मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन बुधवार को हुआ। इस दिन सुबह से शाम तक शक्तिपीठ में धार्मिक आयोजन होते रहे। सुबह परिसर में सामूहिक मंत्र जाप का आयोजन किया गया। इसके बाद नौ बजे से हवन हुआ। तीन कुंडीय इस महायज्ञ के हवन में आहूति देने श्रद्धालु पहुंचते रहे। दोपहर बाद पूणार्हुति व आरती हुआ। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। यज्ञ हवन के साथ ही संस्कार उत्सव चलते रहे। इस संगीतमय कर्मकांड में परिजन व श्रद्धालु आराधना करने जुटे रहे।

## गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का छोटा सा जीवन हर किसी के लिए प्रेरणादायी : कुलसचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के शिक्षा अध्ययनशाला में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेयी और मानव विज्ञान अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. स्वपन कुमार कोले थे। कुलसचिव बाजपेयी ने इस मौके पर साहिबजादों की शहादत का उल्लेख करते हुए कहा कि छह साल और नौ साल की छोटी सी उम्र में उन्होंने अपने धर्म के लिए शहादत दे दी। जब मुगलों ने गुरु गोविंद सिंह के छोटे पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह को अपना धर्म छोडक़र इस्लाम कबूल करने के लिए कहा तो उन्होंने धर्म को चुना और शहीद हो गए। कुलसचिव ने बताया कि जब गुरु गोविंद सिंह के छोटे पुत्र को धर्म बदलने के लिए कहा जा रहा था तो उन्होंने मुगलों से सवाल किया कि अगर मैं धर्म बदल लूंगा तो क्या मैं अमर हो जाऊंगा। मुझे एक ना एक दिन मरना तो है ही तो आज ही क्यों नहीं। कुलसचिव ने कहा कि छोटे साहिबजादों का कथन बताता है कि वे कितने निडर थे। उन्होंने अपने धर्म और सभ्यता की रक्षा के लिए प्राणों की आहूति दे दी। उनका छोटा सा जीवन प्रेरणादायी है इसलिए जितना हो सके गुरु गोविंद सिंह और उनके पूरे परिवार के बारे में पढ़ें तभी आप उनकी शहादत को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। कुलसचिव बाजपेयी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत दुनिया के इतिहास की सबसे दर्दनाक घटना है और हृदय को झकझोर देने वाली है। यह घटना एक ओर जहां मानवीय क्रूरता की वीभत्स तस्वीर पेश करती है, वहीं दूसरी ओर यह साहिबजादों के भीतर के संघर्ष की पराकाष्ठा को बताती है। इसलिए इस बारे में जितना हो सके जानें और पढ़ें। इस अवसर पर डॉ. सोहन मिश्रा, डॉ. रानी मैथ्यू, डॉ. भुवनेश्वर लाल साहू, राकेश गौतम, राज कुमार, केशव तिवारी, अजय खरोले व अन्य प्राध्यापकों समेत अलग-अलग अध्ययनशाला के छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सोहन मिश्रा ने किया।

### धर्म और संस्कृति से बढ़कर कुछ भी नहीं है

प्रोफेसर डॉ. स्वपन कुमार कोले ने कहा कि छोटे साहिबजादों की शहादत यह बताती है कि धर्म और संस्कृति से बढक़र कुछ भी नहीं है। उन्होंने इसके लिए अपने प्राणों की आहूति दे डाली। वे रियल लाइफ हीरों हैं। युवाओं को उनके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहिए। प्रोफेसर कोले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हर कार्यक्रम के ज्यादातर कार्यक्रमों के केंद्र में युवा और महिलाएं होती हैं। इसका मुख्य कारण यही है कि युवा समाज में बदलाव ला सकते हैं। युवा जब देश के बारे में बेहतर तरीके से जानेंगे तो वे देश को बदल पाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस के आयोजन की पहल इसी वजह से की है कि देश के बच्चे और युवा ज्यादा से ज्यादा साहिबजादों जैसे अमर बलिदानियों के बारे में जान पाएं।

## संकल्प शिविर में शामिल हुए ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन गुरुवार को कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिले के दस ग्राम पंचायतों में पहुंची। जिसके अंतर्गत बस्तर विकासखंड के मधोता-01, और मधोता-02, दरभा विकासखंड के लेंड्रा एवं चिंगपाल, जगदलपुर ब्लॉक के टोण्ड़ापाल और जामावाड़ा-02 तथा लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के बड़ांजी-1 एवं बड़ांजी-02 सहित बकावंड ब्लॉक के ढोड़रेपाल एवं झार छोटेदेवड़ा-01 में पहुंची और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा शपथ लिया गया। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने तन्मयता से सुना।राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहकारी बैंक के द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। संकल्प यात्रा स्थल में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा ग्राम पंचायत को डिजिटल भू-अभिलेखीकरण के लिए प्रमाण पत्र भी दिया गया।

इस दौरान कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया।

## कांग्रेस ने मनाया 138वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 138वां स्थापना दिवस के अवसर पर राजीव भवन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देशानुसार कमेटी के कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान देशभक्ति के नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान गाया व कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। महापौर सफिरा साहू ने भारत के इतिहास एवं आधुनिक भारत में कांग्रेस के योगदान को स्मरण करते कहा कि कांग्रेस के स्थापना के पश्चात देश को गुलामी के जंजीरों से बाहर निकालना सबसे बड़ी चुनौती थी, जिसको कांग्रेस पार्टी ने स्वीकार किया और इसकी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए देश को आजादी दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी अंगद प्रसाद त्रिपाठी, सभापति कविता साहू, यशवर्द्धन राव, अतिरिक्त शुक्ला, वेंकट राव, नरेंद्र तिवारी, पार्षद रसीद खान, सूर्या पानी, कोमल सेना, ललिता राव, ब्लॉक अध्यक्ष लेखन बघेल, कैलाश नाग, सुरेंद्र झा, महेश द्विवेदी, अभिषेक नायडू, असीम सुता, अभिषेक गुप्ता, अजय बिसाई, सन्दीप दास, धर्नुजय, सायमा अशरफ, एस नीला,ज्योति राव, विक्की राव, आरके गिरी, रंजीत बक्शी, उत्तम साहू, अंजना नाग, पापिया गाईन, माधुरी शर्मा, जफर अली आदि मौजूद रहे।

